# सिम्फनी लिमिटेड नेएयर कूलर रेंज लॉन्च की

नई दिल्ली **(स्टेट मीडिया)** एवोपरेटिव एयर कूलरों में वैश्विक अग्रणी कंपनी सिम्फनी लिमिटेड ने बी एल डी सी टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लॉन्च की। अत्यधिक ऊर्जा कुशल ऐसी बी एल डी सी एयर कूलर रेंज, अन्य कूलरों की तुलना में 60 प्रतिशत तक कम बिजली की खपत करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष रु. 2,000 तक की ऊर्जा की बचत होती है। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए, सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अचल बकेरी ने कहा, सिम्फनी में, हम कल के बारे में आज सोचते हैं। हमारा प्रयास हमेशा ग्रह और इसके निवासियों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना रहा है, जो हमारे ब्रांड टैगलाइन - थिंकिंग ऑफ टुमॉरो के माध्यम से परिलक्षित होता है। हमें यकीन है कि इस नई एयर-कूलिंग रेंज के साथ, सिम्फनी एयर कूलिंग के भविष्य में क्रांति लाएगी और उपभोक्ताओं मे कूलिंग समाधान के वैश्विक ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगी। विजय सेल्स के सीएमडी नीलेश गुप्ता ने कहा, प्रौद्योगिकी, आधुनिकीकरण और उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण के लिए जाना जाने वाला, सिम्फनी एयर कूलर, एयर कूलर के ग्राहकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है।